अग्रवाल कॉलेज, बल्लबगढ़ में हुआ कैरियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन।

अग्रवाल कॉलेज फरीदाबाद में 18 मई 2022 को शहर की प्रमुख संस्था सोनू नव चेतना फ़ाउंडेशन व टीचर कूल की फ़ाउंडर जन्नत खत्री द्वारा मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत गुप्ता जी के मार्गदर्शन में मैनेजमेंट डिपार्टमेंट की विभागाध्यक्ष डॉ शिल्पा गोयल एव इकोनॉमिक्स डिपार्टमेंट की विभागाध्यक्ष श्रीमति ऊषा चौधरी ने किया। कार्यकम की शुरुआत में श्रीमति ऊषा चौधरी ने अतिथियों का पुष्प द्वारा स्वागत किया। जन्नत खत्री ने "Teacher Cool" के माध्यम से "DARE TO FOLLOW YOUR DREAMS" के बारे में सभी को अवगत कराया , जन्नत खत्री ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया और राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभाने के लिए युवाओं का आह्वान किया। सेमिनार में 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रायोजक के रूप में सोनू नव चेतना फ़ाउंडेशन को शामिल किया गया जिनकी तरफ़ से सभी बच्चों को सर्टिफ़िकेट और शील्ड दी गयीं। डॉ शिल्पा गोयल जी ने सभी को सन्देश दिया कि अच्छी शिक्षण शैली, अच्छे संस्कारों की शिक्षा से ऐसे समाज का निर्माण करें जिसमें नैतिक मूल्यों का स्थायित्व रहे। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी गतिविधि का आयोजन किया गया, प्रश्नोत्तरी के आयोजन स्वरूप भी बहुत से विद्यार्थियों को विशेष उपहार दिए गए। मंच का संचालन श्रीमती सोनिया ने किया, इस मौक़ पर श्रीमती दीपमाला, श्रीमती सोनिया , श्रीमती भूमि गुप्ता, श्री प्रसून एवं श्री राघव आदि उपस्थित रहे। सभी ने युवाओं की जागरूकता हेतू विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया।